RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 114 • 07:05:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

### केजरीवाल ने क्या आतंकी संगठन से लिए 16 मिलियन डॉलर

## एलजी ने की एनआईए जांच की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल ने बैन किए गए आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से पॉलिटिकल फंडिंग ली है।

एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया की शिकायत आई थी, जिसमें कहा गया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी आतंकी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133 करोड़ रुपए लिए थे, ताकि देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई कराई जा सके। इस शिकायत के आधार पर एलजी ने यह सिफारिश की है।



**एलजी ऑफिस की तरफ से गृह मंत्रालय के नाम लिखा गया लेटर...** शिकायत में दावा- केजरीवाल ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 133 करोड़ रुपए लिए।

इस लेटर में लिखा है कि 1 मई को एलजी के पास वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया ने एक शिकायत भेजी थी। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आम आदमी पार्टी के पूर्व कार्यकर्ता डॉ. मुनीष कुमार रायजादा के कुछ पोस्ट का प्रिंटआउट, एक लेटर और एक पेनड्राइव भी थी। अपनी शिकायत में आशू मोंगिया ने पेनड्राइव के एक वीडियो का जिक्र किया था, जिसमें खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस का फाउंडर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यह दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर यानी 133.60 करोड़ रुपए की फंडिंग ली है।

इसमें यह दावा भी किया गया था कि 2014 में केजरीवाल ने न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल में खालिस्तान समर्थक सिखों से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने वादा किया था कि अगर आम आदमी पार्टी को खालिस्तानी समूहों से फंडिंग मिलती रहेगी तो वे देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे।

## अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर के बाद अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद सोमवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। ई-मेल मिलने के बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड और पुलिस अधिकारियों की टीमों ने स्कूलों की तलाशी ली।



हालांकि, जांच में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। बता दें, हाल ही में रूसी सर्वर से दिल्ली के 100 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

**ईमेल में लिखा- गुजरात में शरिया कानून स्थापित करना-** स्कूलों को भेजा गया यह ईमेल तौहीद वॉरियर के नाम से प्रेषित है। ईमेल में लिखे शब्द ये हैं... इस्तिशादी (जिहादी) पूरे शहर में फैल गए हैं और हमला करने के लिए तैयार हैं। तौहीद के योद्धा उन सभी को मार डालेंगे जो हमारी खिलाफत करेंगे। हमारा लक्ष्य गुजरात में शरिया कानून स्थापित करना है। हमारे सामने सरेंडर कर दो या हमारी नफरत से मर जाओ। हम तुम्हारे जीवन को खून की नदियों में बदल देंगे।

## कन्नियाकुमारी तट के पास 5 मेडिकल छात्र समुद्र में डूबे

**कन्नियाकुमारी (एजेंसी)।** तमिलनाडु के कन्नियाकुमारी तट के पास 5 मेडिकल छात्र समुद्र में डूब गए। घटनाओं के एक दुखद मोड़ में, पांच मेडिकल छात्र, जो एक शादी में शामिल होने के लिए कन्नियाकुमारी गए थे, सोमवार को तमिलनाडु में शहर के तट के पास समुद्र में डूब गए। पीड़ित, जिनमें दो महिलाएँ भी शामिल थीं, अपने पाठ्यक्रम के अंतिम सप्ताह में थे।

## बस में घुसी स्कॉर्पियो, 5 की मौत

**खेतड़ी (झुंझुनूं) (एजेंसी)।** झुंझुनूं के सिंघाना में बाइक को टक्कर मारने के बाद बेकाबू हुई स्कॉर्पियो मिनी बस से जा भिड़ी। जबरदस्त भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा थली गांव के पास सोमवार सुबह 10.30 बजे हुआ। सिंघाना थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया- बाइक को टक्कर मारने के बाद एसयूवी सामने से आ रही बस में घुस गई।

### नीट यूजी-2024, एनटीए ने सोशल मीडिया पर वायरल दावों पर दी प्रतिक्रिया

## लीक नहीं हुआ नीट यूजी का क्वेश्चन पेपर

- राजस्थान-छत्तीसगढ़ नीट के गलत पेपर बंटे, लीक का आरोप
- एनटीए बोला- कुछ बच्चे समय से पहले सेंटर से भागे, बिहार से 9 सॉल्वर अरेस्ट



**नईदिल्ली/जयपुर/रायपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के सवाई माधोपुर के बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर मानटाउन में नीट के पेपर के दौरान हंगामा हो गया था। सोशल मीडिया पर स्टूडेंट्स और कुछ पॉलिटीशियन ने नीट यूजी एग्जाम का पेपर लीक होने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट करके इसके लिए सरकार को जिम्मेदार बताया। इन सबके बीच परीक्षा कराने वाली संस्थान नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कहा- पेपर लीक होने के आरोप गलत है।

**एनटीए ने कहा- गलत पर्चा बंटा था, जिसे लेकर छात्र भागे थे-** एनटीए की सीनियर डायरेक्टर साधना पराशर ने बताया- सवाई माधोपुर के गर्ल्स हायर सेकेण्डरी मॉडल स्कूल में गलत क्वेश्चन पेपर बांट दिया गया था। हिंदी मीडियम के स्टूडेंट्स को अंग्रेजी मीडियम का पेपर दे दिया गया, जिससे स्टूडेंट्स परेशान हो गए। इंविजिलेटर्स की कोशिशों के बावजूद कई स्टूडेंट्स एग्जाम सेंटर से पेपर लेकर भाग गए। इनमें से ही किसी ने पेपर वायरल किया होगा। हालांकि तब तक पेपर शुरू हो चुका था, इसलिए इसे पेपर लीक नहीं माना जाएगा। इस गड़बड़ी के कारण 120 लड़कियां प्रभावित हुई हैं, जिनके लिए एनटीए जरूरी कदम उठा रहा है।

### बिहार में 9 सॉल्वर अरेस्ट

बिहार में नीट की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार हुए हैं। ये दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे थे। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं। वहीं पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल स्टूडेंट हैं। पूर्णिया से पकड़े गए डमी कैंडिडेट राजस्थान के जालौर, भोजपुर, बेगूसराय और सीतामढ़ी के हैं। सभी परीक्षार्थी को शहर के मधुबनी टीओपी थाना के एसआरडीएसी स्कूल के एग्जाम सेंटर से पकड़ा गया है

### झारखंड में चुनावी रैली में ईडी की कार्रवाई पर ओडिशा में बोले पीएम मोदी

## पड़ोसी राज्य में नोटों का पहाड़ मिल रहा

**नबरंगपुर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से झारखंड में भारी मात्रा में नकद जब्त किए जाने का जिक्र पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में एक चुनावी रैली में की। ओडिशा के नबरंगपुर में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की कुछ लोग सराहना कर रहे हैं तो कुछ लोग इस भ्रष्टाचार और लूट को रोकने की आलोचना कर रहे हैं।



पीएम ने कहा, आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां। अब आप ही बताइए, यदि मैं उनकी चोरी रोकूंगा, उनकी आमदनी बंद कर दूंगा, उनकी लूट बंद कर दूंगा तो वे मोदी को गाली देंगे नहीं देंगे तो और क्या करेंगे। पीएम ने चुनावी सभा में कहा, क्या गालियों के बावजूद मुझे यह काम नहीं करना चाहिए? क्या मुझे आपके पैसों की रक्षा नहीं करनी चाहिए।

पीएम ने यह प्रतिक्रिया सोमवार को ईडी की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में की गई बड़ी कार्रवाई के बाद दी है। सोमवार को केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के आवास से 20 करोड़ रुपये जब्त किए।

## अशोक गहलोत और भूपेश बघेल के कंधों पर अमेठी-रायबरेली जीतने की जिम्मेदारी, कांग्रेस ने बनाया पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों भूपेश बघेल और अशोक गहलोत को क्रमशः रायबरेली और अमेठी संसदीय क्षेत्रों के लिए पार्टी का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया। कांग्रेस ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने की शुक्रवार को घोषणा की थी। रायबरेली राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी का पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र रहा है। सोनिया गांधी ने वर्ष 2004 से 2024 तक रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि वह अब राज्यसभा के लिए चुनीं गई हैं। वहीं कांग्रेस ने गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से पार्टी उम्मीदवार घोषित किया है।

## चुनाव जीतीं तो फिल्म इंडस्ट्री छोड़ देंगी कंगना रनोट

**मंडी (एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट लोकसभा चुनाव की टिकट मिलने के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब कंगना ने खुद ये ऐलान कर दिया है कि अगर वो मंडी से चुनाव जीत जाती हैं तो



फिल्मों में काम करना हमेशा के लिए बंद कर देंगी। हाल ही में कंगना रनोट एक चुनावी रैली का हिस्सा बनी थीं। रैली के बाद कंगना रनोट ने आज तक के सवाल पर कहा है, मैं फिल्मों में भी पक जाती हूं, मैं रोल भी करती हूं और फिल्मों का निर्देशन भी करती हूं। अगर मुझे राजनीति में संभावना दिखती है कि लोग मुझसे जुड़ रहे हैं तो फिर मैं राजनीति ही करूंगी।

## बाड़मेर में अचानक धंस गई जमीन

- 2 किमी लंबे इलाके में आई दरार, छोटे-बड़े गड्ढे हुए

**बाड़मेर (एजेंसी)।** बीकानेर के बाद अब बाड़मेर में करीब 2 किलोमीटर लंबे क्षेत्र में जमीन धंसने से दरार आ गई है। मामला जिले के नागाणा में क्रूड ऑयल प्रोडक्शन इलाके का है। यहां मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल के वेल पैड (तेल के कुएं) नंबर 3 से 7 के बीच धंसी जमीन और दरार देखकर लोग हैरान रह गए। जिला प्रशासन, क्रूड ऑयल कंपनी केयर्न



ऑयल एंड गैस, वेदांता लिमिटेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। जिला कलेक्टर निशांत जैन का कहना है कि टीमें मौके पर जांच कर रही हैं। जानकारी के अनुसार नागाणा इलाके में क्रूड ऑयल प्रोडक्शन का काम 15 साल से चल रहा है। कंपनी के अलग-अलग वेल पैड बने हुए हैं। सोमवार सुबह ग्रामीण वेल पैड नंबर 3 के नजदीक से निकल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उसके पास धंसी जमीन, गड्ढे और दरार देखने पर प्रशासन को सूचना दी।

## तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज

- म.प्र.में मामा, महाराजा और राजा की किस्मत दांव पर; महाराष्ट्र में ननद-भौजाई मैदान में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में आज मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी।

पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।



वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे।

इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई।

मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान (मामा), गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया (महाराजा) और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह (राजा) की किस्मत दांव पर है।

इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है।

### एमपी में चुनावी रैली में राहुल गांधी बोले-

## भाजपा को 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी

- यह संविधान को बचाने का चुनाव, हम लोगों के अधिकार नहीं छीनने देंगे

**आलीराजपुर/खरगोन (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने कहा कि हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे ले जाएंगे। कोर्ट ने 50 प्रतिशत का लिमिट लगा रखा है, उसे हटा देंगे। राहुल गांधी सोमवार को मध्यप्रदेश के आलीराजपुर के जोबट और खरगोन के सेगांव में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। दोनों ही सभाओं में उन्होंने ये बात कही।

राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहते है। इसलिए उन्होंने 400 पार का नारा दिया है। लेकिन 400 सीट तो छोड़िए, इन्हें 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी।

**हम आरक्षण को बढ़ा देंगे,50 प्रतिशत से ज्यादा कर देंगे-** राहुल गांधी ने कहा- मोदी जी आपका आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। उनके नेताओं ने साफ कहा है कि अगर हमारी सरकार आएगी। हम आदिवासियों से, दलितों से, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लेंगे, आरक्षण को खत्म कर देंगे। मैं आपको आज यहां ये बताने आया हूं, वो छीनने की बात कर रहे हैं। हम आरक्षण को बढ़ा देंगे। 50 प्रतिशत से ज्यादा कर देंगे। आज 50 प्रतिशत का लिमिट है। इस लिमिट को हम परे करके, 50 प्रतिशत लिमिट को रद्द करके, हम आपका रिजर्वेशन, गरीबों का रिजर्वेशन बढ़ाएंगे।



**संविधान खत्म हुआ तो आपके अधिकार खत्म हो जाएंगे-** राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को बदलना चाहते हैं। अगर संविधान खत्म हो गया तो जो अधिकार आपको मिले हैं, वे खत्म हो जाएंगे।

### म.प्र.जबलपुर में ट्रैक्टर पलटने से पांच लोगों की मौत

#### सीएम मोहन यादव ने किया सहायता राशि का ऐलान

**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में सोमवार को ट्रैक्टर पलटने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दो घायल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताते हुए आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चारगवा थाना क्षेत्र के तिनेटा में धर्मेंद्र ठाकुर की बहन की शादी थी और वह ट्रैक्टर से सामान लेने जा रहा था।

## मंत्री पीएस के नौकर के घर मिला 25 करोड़ कैश

- ईडी ने झारखंड में 9 ठिकानों पर छापा मारा, पीएस के करीबी ठेकेदार के घर भी 3 करोड़ बरामद

### ग्रामीण विकास मंत्री की होगी गिरफ्तारी!



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में ईडी की छापेमारी के बीच मंत्री आलमगीर आलम ने भी सफाई दी। आलमगीर आलम का कहना कि संजीव लाल पहले भी दो मंत्रियों के पीएस रह चुके हैं। वहीं करोड़ों रुपये कैश बरामदगी के बाद अब आलमगीर आलम की गिरफ्तारी की भी चर्चा तेज हो गई है।

झारखंड की राजधानी रांची में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने 9 जगह छापा मारा। ईडी को अब तक 28 करोड़ से ज्यादा कैश मिला है। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पर्सनल सेक्रेटरी (पीएस) संजीव लाल के नौकर जहांगीर, पीएस के करीबी ठेकेदार मुन्ना सिंह, रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के इंजीनियर विकास कुमार और कुलदीप मिंज के घर रेड डाली गई। इसके अलावा 3 और ठिकानों पर छापा मारा गया। पीएस संजीव के नौकर जहांगीर के घर 25 करोड़ और करीबी मुन्ना के यहां 3 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। ईडी की टीम ने नोट गिनने की मशीनें और कैश वैन बुलाई है। अबतक नोट गिनने की चार मशीनें घर के अंदर गई है। सूत्र बताते हैं कि पैसे इतने है कि गिनते गिनते मशीन गर्म हो रही है। दोपहर बाद एक और गाड़ी मशीन लेकर पहुंची है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह आज समस्तीपुर में करेंगे सभा: नित्यानंद राय के समर्थन में वोट की करेंगे अपील, 1 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद

**समस्तीपुर , एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को समस्तीपुर आएंगे। यहां वो उजियारपुर संसदीय क्षेत्र के सरायरंजन स्थित नरघोघी हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अमित शाह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करेंगे।
अमित शाह की सभा को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। अब तक उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा की सभा हुई है। राष्ट्रीय



स्तर के भाजपा नेता की उजियारपुर में यह पहली सभा होगी।
अमित शाह के साथ मंच पर नित्यानंद राय के अलावा पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रह सकते हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि अमित शाह की सभा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस सभा में 1 लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।
अमित शाह इस सभा से उजियारपुर के साथ-साथ समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र को भी साधने की कोशिश करेंगे। समस्तीपुर से लोजपा की उम्मीदवार शांभवी चुनाव लड़ रही हैं। यहां लोजपा से ज्यादा भाजपा और जदयू के कार्यकर्ता एक्टिव दिख रहे हैं। समस्तीपुर में बनिया वोटरों की संख्या भी अच्छी खासी है। दोनों सीटों पर अमित शाह वोटरों को गोलबंद करने की कोशिश करेंगे।
अमित शाह इस लोकसभा चुनाव में अब तक 4 सभाएं कर चुके हैं। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में उनकी पांचवीं चुनावी सभा होगी। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिहार में चार सभाएं कर चुके हैं।

### बिहार के 19 जिलों में हो सकती बूंदाबादी..यलो अलर्ट, भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी

**पटना , एजेंसी।** बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम आज शुष्क बना रहेगा। वहीं, 7 मई को तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के दिन मतदाताओं को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी। प्रदेश की पांच सीट अररिया, मधेपुरा, सुपौल, खगड़िया और झंझारपुर में मतदान होगा। मौसम विभाग की माने तो मौसम मतदाताओं का साथ देगा। विभाग के मुताबिक सोमवार को प्रदेश के 19 जिलों में 30 से 40




किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और हल्की बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है। इसको लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, कल 7 से 10 मई के दौरान राजधानी समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इसको लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 19 जिलों में 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा, हल्की बूंदाबांदी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण शामिल हैं।

# दूसरे के बदले नीट परीक्षा देते 9 पकड़े गए

## पूर्णिया से 4 मेडिकल स्टूडेंट्स गिरफ्तार, 20 लाख में हुई थी डील

**पटना, एजेंसी।** पूर्णिया में रविवार को नीट की परीक्षा के दौरान परीक्षा का पेपर लिखते 4 मुन्ना भाई पकड़े गए थे। ये डमी कैंडिडेट दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। डील 20 लाख में तय हुई थी। पेपर पूरी होने के बाद प्रति कैंडिडेट 5 लाख मिलने थे। पकड़े गए परीक्षार्थी से बीती रात से ही पूछताछ जारी है।

पकड़े गए डमी कैंडिडेट राजस्थान के जालौर, भोजपुर, बेगूसराय और सीतामढ़ी के हैं। ये सभी मेडिकल स्टूडेंट्स बताए जा रहे हैं। सभी परीक्षार्थी को शहर के मधुबनी टीओपी थाना के एसआरडीएसी स्कूल के एग्जाम सेंटर से पकड़ा गया है। पकड़े गए डमी कैंडिडेट की पहचान राजस्थान के जालौर जिले के सांचौर थाने के खाका राम गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। कमलेश अभ्यर्थी धीरज प्रकाश की जगह पेपर लिख रहा था।

वहीं दूसरे की पहचान भोजपुर जिले के बिहियां गांव के वार्ड 2 निवासी धर्मपाल सिंह के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। नीतीश अभ्यर्थी आशीष की जगह एग्जाम दे रहा था। वहीं तीसरे की पहचान बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना के रामदेरी गांव टोला नकती वार्ड 6 निवासी विजय गुप्ता के बेटे सौरभ कुमार के रूप में हुई है। सौरभ अभ्यर्थी तथागत कुमार की जगह पेपर दे रहा था।

वहीं चौथे की पहचान सीतामढ़ी जिले के चौरोथ थाना के बड़ी बिहटा गांव के वार्ड 4 निवासी नील रंजन चौधरी के बेटे मयंक चौधरी उर्फ कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। मयंक दीपक कुमार की जगह परीक्षा दे रहा था। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

एसआरडीएसी स्कूल को नीट की परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। नीट की परीक्षा ठीक 2 बजे शुरू हो गई थी। सेकेंड शिफ्ट में फर्जी कैंडिडेट को पकड़ा गया। परीक्षा शुरू होने के लगभग दो घंटे बाद पर्यवेक्षक को इनकी हरकतों को देखकर पर शक हुआ।



पटना में नीट की परीक्षा का पेपर लीक और सॉल्वर को बिठाकर परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया है। देश भर में नीट की परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी। पटना पुलिस को झारखंड एसटीएफ से इनपुट के आधार पर पटना में इओयू और पटना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने 5 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

इस गैंग को फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस के रुस्तम जैसे लड़कों की तलाश रहती थी। गैंग के सरगना हमेशा नए-नए स्कॉलर की तलाश में लगे रहते हैं। जाहिर सी बात है कि जो इस परीक्षा को अच्छे से पास करेगा। उसी को दोबारा इस परीक्षा को पास करने के संभावना ज्यादा रहेगी। इसीलिए इस गैंग के सदस्य मेडिकल कॉलेज में नजर बनाए रखते हैं। खास कर फर्स्ट ईयर के छात्रों पर। पहले ये सब से मिलते जुलते थे। फिर ऐसे छात्र की तलाश करते हैं जो इनके महंगी बाइक, अच्छी लाइफ स्टाइल से प्रभावित होते हैं। फिर ये उस छात्र पर पैसा खर्च करने लगते हैं। अपनी महंगी बाइक उसको देते थे। पहले उसकी आदत बिगाड़ते थे फिर उसका ब्रेन वॉश करके उसको इस परीक्षा में सेटिंग और उससे आने वाले पैसों के बारे में बताते थे। कुछ छात्र मना कर देते थे, लेकिन कुछ छात्र मान भी जाते थे। झारखंड एसटीएफ को सूचना मिली की नीट की परीक्षा में कुछ लोग पेपर लीक कर रहे हैं। एसटीएफ और रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सॉल्वर को एक परीक्षा सेंटर से गिरफ्तार किया। जिसके बाद इनपुट के आधार पर 2 सॉल्वर को और गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद रांची पुलिस ने कुछ इनपुट पटना पुलिस को दिया। जिसके आधार पर पटना में कार्रवाई हुई।

पूरे देशभर में होनी वाली नीट की परीक्षा का सेंटर पटना के शास्त्रीनगर डीएवी में था। परीक्षा चल रही थी। परीक्षा के शुरू होने के कुछ देर बाद इओयू और पटना पुलिस की टीम डीएवी पहुंच जाती है। पुलिस को रांची पुलिस से इनपुट मिल चुका था। पुलिस ने परीक्षा दे रहे एक सॉल्वर को वहां से गिरफ्तार कर लिया। सॉल्वर छपरा के एक छात्र की जगह परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने इसके पास से एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से परीक्षा दे रहा था। जिसके बाद इओयू ने शास्त्रीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई। गिरफ्तार सॉल्वर की निशानदेही पर 4 और लोगों को पेपर के लीक करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

पूरे देश में कई सेंटरों पर नीट की परीक्षा 5 मई को आयोजित की गई थी, लेकिन कई जगह से इसके लीक होने की सूचना आने लगी। एजेंसी अलर्ट हो गई। जिसके बाद देश के कई हिस्सों के साथ साथ बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर बक्सर भोजपुर नालंदा में छापेमारी जारी है। पटना में कंकड़बाड़, पत्रकारनगर, रामाकृष्णा नगर, अशोक राजपथ और महेंद्र में छापेमारी चल रही है।

पकड़े गए सॉल्वर ने बताया कि उसका काम था परीक्षा में बैठना है। परीक्षा शुरू होने के 20 मिनट बाद से मेरे डिवाइस में हर सवाल का जवाब बताया जाता है। उसको परीक्षा में लिखता जाता हूं। इस पूरे खेल में एक छात्र से 5 लाख रुपए में डील तय किया गया था। ये पैसा सेंटर से लेकर सॉल्वर तक में बांटा जाता है।

पटना पुलिस और ईओयू की टीम में पटना में कई जगह छापेमारी कर 5 लोगों को हिरासत में लिया है। ये सभी लोग किसी ना किसी तरह पेपर लीक करने में लगे हुए थे। दो सॉल्वर है जो परीक्षा देने के लिए सेंटर के अंदर मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक इनमें से 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं।

ये सभी अलग-अलग मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहें हैं। मेडिकल स्टूडेंट के पास जानकारी होती है और इस परीक्षा का अनुभव भी रहता है, इसी मिली मेडिकल स्टूडेंट पैसों की लालच में इस काम में शामिल हो जाते हैं।

झंझारपुर में कांटे की टक्कर

# अररिया- मधेपुरा में रिपीट हो सकते हैं सांसद

**झंझारपुर , एजेंसी।** बिहार में लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में 5 सीटों पर 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें से दो सीटें- सुपौल और मधेपुरा कोसी क्षेत्र में आती हैं। वहीं, अररिया सीमांचल का इलाका है, जो मुस्लिम बहुल है। झंझारपुर मिथिला का क्षेत्र है। पांचवी सीट खगड़िया है, जहां से दोनों गठबंधन के सहयोगी दल के कैंडिडेट आमने-सामने हैं। यहां लोजपा (रा) के राजेश वर्मा के सामने सीपीआई (एम) के संजय कुमार हैं।

पांचों सीट में से चार सीटों पर एनडीए आगे और एक सीट झंझारपुर में जोरदार टक्कर दिख रही है। मधेपुरा और अररिया में सांसद रिपीट हो सकते हैं। वहीं, सुपौल में लालू के प्रयोग पर जदयू की जातीय गोलबंदी भारी दिख रही है। खगड़िया में लोकल बनाम बाहरी पर मोदी फैक्टर की जीत हो सकती है। झंझारपुर में सुमन महासेठ के इंडी कैंडिडेट बनने से कन्फ्यूजन वाले हालात हैं। बता दें कि 2019 के चुनाव में इन पांच सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीते थे।

अररिया के चुनावी मैदान में इस बार 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन, यहां टक्कर दो ही दलों के बीच है। पहले हैं ह्ष्ठ की तरफ से भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह। इनके सामने इंडी गठबंधन से राजद के उम्मीदवार मोहम्मद शाहनवाज आलम हैं। मुस्लिम-यादव समीकरण के सहारे राजद 2014 लोकसभा चुनाव और 2018 में हुए उप चुनाव की तरह बड़ी जीत हासिल करने की जुगत में है।

2014 के चुनाव में राजद के मोहम्मद तस्लीमुद्दीन ने बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्हें 4,07,978 वोट मिले थे। जबकि, भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को 2,61,474 वोट ही मिले थे। मोहम्मद तस्लीमुद्दीन के निधन के बाद 2018 में लोकसभा उपचुनाव में उनके बेटे सरफराज आलम को जीत मिली। उन्हें 5,09,334 वोट मिले थे। इसमें भी भाजपा के प्रदीप सिंह दूसरे नंबर पर रहे।

2019 में बीजेपी ने इस सीट में सेंधमारी की और प्रदीप सिंह चुनाव जीत गए। पिछले चुनाव में इन्हें 6,18,434 वोट मिले थे। इस सीट पर प्रदीप सिंह की यह दूसरी जीत थी। इससे पहले वो 2009 के लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। अब वर्तमान में हवा का रुख भाजपा के इस प्रत्याशी की ओर ही है। प्रदीप अररिया से तीसरी बार सांसद बन सकते हैं।

अररिया के ऋश्चद्ध एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्णा के अनुसार दोनों पार्टियां भाजपा और राजद अपना चुनावी प्रचार कर रही हैं। लेकिन, दोनों ही पार्टियों में भीतरघात की स्थिति है। अररिया की चुनावी हवा पूरी तरह से टाइट है। यहां जीत और हार किसकी होगी यह देखना बहुत दिलचस्प होगा। राजद और भाजपा के प्रत्याशियों को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पूरी तरह से कंफर्म नहीं कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कौन जीत रहा है

अररिया के सीनियर जर्नलिस्ट और एडवोकेट एलपी नायक के अनुसार इस बार के चुनाव में हवा का रुख भाजपा की ओर है। उसके प्रत्याशी आगे हैं, पर राह आसान नहीं है।

# इधर-उधर करने वालों से मुक्ति ले लेंगे, महेश्वर हजारी के सभा में न पहुंचने पर बोले नीतीश



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर लोकसभा सीट पर बिहार सरकार के दो मंत्रियों के बच्चे आमने-सामने हैं। मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी एनडीए की प्रत्याशी है तो मंत्री महेश्व हजारी के बेटे सनी हजारी इंडी गठबंधन के उम्मीदवार। रविवार को सीएम नीतीश समस्तीपुर के कल्याणपुर में शांभवी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे, लेकिन कल्याणपुर से जेडीयू विधायक और मंत्री महेश्वर हजारी इस चुनावी सभा में शामिल नहीं हुए थे।

इसे लेकर मंच से मुख्यमंत्री नीतीश ने महेश्वर का बिना नाम लिए कहा कि विधायक लोग इधर-उधर नहीं करें। ऐसा करने वालों से वे चुनाव के बाद मुक्ति ले लेंगे। उन पर कांग्रेस के उम्मीदवार और उनके पुत्र सनी हजारी को चुनाव में मदद करने का आरोप है।

इस बयान के बाद कयास लाने लगे हैं कि महेश्वर हजारी को चुनाव के बाद मंत्री पद हटा दिया जाएगा। हालांकि इस बयान के बाद इलाके में नीतीश व लोजपा विरोधी लोगों की गोलबंदी शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी के पक्ष में समस्तीपुर के कल्याणपुर में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि ÷हमलोग एक साथ रहे हैं.. एक साथ रहेंगे काम करते रहेंगे। कोई बाएं-दाएं हमलोगों के उम्मीदवार के खिलाफ यहां पर गड़बड़ कर रहा है तो चुनाव के बाद उससे मुक्ति ले लेंगे÷।

समस्तीपुर लोकसभा सीट पर जनता दल यूनाइटेड के दो मंत्रियों के बेटा-बेटी चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए गठबंधन से चिराग पासवान की पार्टी लोजपा रामविलास से बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी को चुनावी मैदान में है।

वहीं, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सनी हजारी कांग्रेस की टिकट पर समस्तीपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। अशोक चौधरी हर जगह चुनावी सभा से लेकर जनसंपर्क में शांभवी के साथ रहते हैं।

दूसरी तरफ महेश्वर हजारी को सुपौल जिले का चुनाव प्रभारी बनाया गया है लेकिन वे वहां नहीं गए है। समस्तीपुर में ही रह रहे हैं। खबर है कि वह अपने बेटे के लिए वोट मांगने के लिए हर जगह पहुंच रहे हें। पूरी तरह से कमान संभाल कर रखा है।

# गिरिराज बोले- सुदर्शन चक्र लेकर खड़े हैं मोदी, पाकिस्तान का नाश हो जाएगा

**पटना, एजेंसी।** बेगूसराय में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज कहा कि नरेन्द्र मोदी सुदर्शन चक्र लेकर खड़े हैं, अगर थोड़ा सा आंख दिखाएंगे तो पाकिस्तान का नाश हो जाएगा। फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पाकिस्तान ने चूड़ी नहीं पहन रखी है। इसी बयान पर गिरिराज ने पलटवार किया है।



गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में वोट के खातिर भारत पर आक्रमण कर रहे हैं। चाहे फारुख अब्दुल्ला हों, लालू यादव हों, कम्युनिस्ट हों या कांग्रेस, वह पिछड़ों का आरक्षण छीन रहे हैं। मुसलमान को कांग्रेस पिछले दरवाजे से आरक्षण दे देता है, ओबीसी बना देता है।

पीएम मोदी एक महीने में छठी बार बिहार आ रहे हैं। इस बार उनका दौरा दो दिनों का होगा। 12 मई को उनका पटना में रोड शो होगा। रात में वो पटना में ही रूकेंगे। साथ ही राजधानी में पीएम मोदी का रोड शो होगा। पटना के बेली रोड अंबेडकर प्रतिमा से रोड शो शुरू होगा।

यहां से कदम कुआं, ठाकुरवाड़ी, वाकरगंज होते हुए गांधी मैदान स्थित जेपी गोलंबर तक होगा। इसको लेकर बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी है। 12 मई को पटना में कार्यक्रम होने के बाद 13 मई को हाजीपुर , मुजफ्फरपुर , छपरा में जनसभा को पीएम संबोधित करेंगे। रोड शो समाप्त होने के बाद पीएम मोदी पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन यानी 13 मई को प्रधानमंत्री राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी सुबह 09:30 बजे हाजीपुर, 10:30 बजे वैशाली के मोतीपुर और 12:30 बजे सारण में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान लालू-तेजस्वी और राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री के निशाने पर रहेंगे।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू और शिबू सोरेन परिवार पर निशाना साधा है। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि ये सभी लोग लूटने वाले लोग हैं। चाहे वो लालू यादव हो या शिबू सोरेन का परिवार हो...लूटने वाले पर सरकार कार्रवाई करती है तो दर्द होगा ही। बता दें कि झारखंड में ईडी ने रेड की है। रांची में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा कैश मिले हैं। जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि हम लोग एक सप्ताह से तीसरे फेज में ही थे। तीसरे फेज में हम लोग 2019 से ज्यादा वोटों से जीतेंगे। एक तरफा होगा 2024। उन्होंने कहा कि एनडीए की ही सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता मालिक होती है। नीतीश कुमार बिहार के लोगों के दिल में बसते हैं।

मुंगेर में वोटिंग से पहले खेल

# पिछड़ों-अतिपिछड़ों की गोलबंदी अशोक महतो के पक्ष में होने के आसार

**पटना, एजेंसी।** मुंगेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र हॉट सीट बनी हुई है। यहां से जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सीएम नीतीश कुमार के करीबी नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह चुनावी मैदान में हैं। इनके खिलाफ लालू प्रसाद ने बड़ा दांव खेलते हुए चर्चित अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को टिकट दिया है। वह भी खरमास के समय शादी करने पर।

दिलचस्प यह कि अब मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह पैरोल पर जेल से बाहर आए हैं। पैरोल कोर्ट नहीं सरकार देती है। अनंत सिंह की पहल पर बिहार सरकार ने उन्हें पैरोल दी है। जमीन बंटवारे के लिए वे बाहर आए हैं, लेकिन बाहर आते ही उन्होंने बड़ा पॉलिटिकल बयान दे दिया। दावा करते हुए कहा कि ललन सिंह पांच लाख से ज्यादा वोट से जीतेंगे।

फिर क्या था, चर्चा होने लगी कि चुनाव के समय उन्हें पैरोल पर बाहर करने से ललन सिंह को फायदा पहुंच सकता है। चौथे चरण के तहत 13 मई को मुंगेर में वोटिंग है। यानी चुनाव से आठ दिन पहले वे जेल से बाहर हैं। आशंका इसकी भी है कि अनंत सिंह के बाहर आने से पिछड़ी जातियों की राजनीतिक गोलबंदी और मजबूत ना हो जाए। हालांकि, चर्चा यह भी है कि मोकामा से बाहर अनंत सिंह की ताकत होती तो वे अपनी पत्नी नीलम देवी को मुंगेर लोकसभा का चुनाव जीता देते।

2019 में मुंगेर से जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह को 528762 वोट आए थे। कांग्रेस की प्रत्याशी अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को 360825 वोट। हार का अंतर एक लाख 67 हजार से अधिक वोटों का रहा था।

अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत 10 साल की सजा सुनाई है। अगस्त 2019 में छापेमारी के दौरान अनंत सिंह के आवास से एक एके 47 और असॉल्ट राइफल, दो हथगोले, जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। अन्य हथियार भी जब्त किए गए थे। उनके खिलाफ जबरन वसूली, हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश के दो दर्जन से अधिक मामले हैं। सजा होने के बाद अनंत सिंह की विधायकी चली गई थी। इसके बाद मोकामा में उपचुनाव कराया गया।

अनंत सिंह की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जेल में रहते हुए भी उनकी पत्नी नीलम देवी मोकामा उपचुनाव आरजेडी के टिकट से जीत गईं। लेकिन, बजट सत्र 2024 के दौरान जो राजनीतिक उठापटक हुआ, उसमें नीलम देवी ने लालू प्रसाद और तेजस्वी का साथ छोड़ जेडीयू खेमे में चली गई। जिस समय नीलम देवी ने पाला बदला उसी समय बहुत कुछ साफ हो गया था। अब तस्वीर पूरी तरह से साफ है।



अनंत, नीतीश के साथ खड़े हैं और ललन सिंह पांच लाख से ज्यादा वोट से जीतेंगे। यह कहकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ लालू प्रसाद ने अशोक महतो की पत्नी को टिकट दिया है। लालू प्रसाद का समीकरण समझिए। अशोक महतो कुर्मी हैं, पत्नी अनीता देवी कोयरी जाति से हैं। यादव और मुसलमान का वोट तो अनीता कुमारी के साथ है ही।

अशोक महतो अब तक अपने हिसाब से राजनीति करते रहे हैं। हालांकि, पहली बार वे खुद इस तरह से सामने हैं। मुंगेर की लड़ाई भूमिहार वर्सेज धानुक-कुर्मी की है। महतो जेल में रहकर भी भतीजे प्रदीप महतो को दो बार विधान सभा का चुनाव जितवा चुके हैं। 2005 और 2010 में प्रदीप महतो जीते थे। उन्होंने अशोक महतो के विरोधी रहे अखिलेश सरदार की पत्नी को चुनाव हराया। यह जीत अशोक महतो की वजह से थी। इसके बाद अशोक महतो के समर्थक अशोक को ही सरदार कहने लगे। अशोक महतो की पूरी लड़ाई भूमिहारों के खिलाफ रही है। इस लिहाज से मुंगेर लोकसभा की लड़ाई छोटे सरकार (अनंत सिंह) बनाम सरदार (अशोक महतो) हो गई है। अशोक महतो 2000 के आसपास बिहार के नवादा, शेखपुरा, जमुई और आसपास के इलाकों में सक्रिय महतो गुट से जुड़े रहे हैं। यह गुट पिछड़ी जातियों की हकमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी में शाही लीची हो रही खराब, कम बारिश होने की वजह से समस्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की शाही लीची बारिश नहीं होने की वजह से खराब हो रही है। जिस कारण किसान परेशान हैं। मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण लीची फटने लगी है। अगर मौसम सात दिन तक ऐसा ही रहा तो इस बार लीची मार्केट में कम दिखेगी। किसान राकेश कुमार ने बताया कि हमलोग कई वर्षों से लीची की खेती करते हैं। इस बार मौसम अनुकूल नहीं है। भीषण गर्मी और बारिश नहीं होने की वजह से लीची के पेड़ में लगे फल झड़ और फट रहे। इस बार ज्यादा लीची पैदावार नहीं हुआ है। लीची अनुसंधान केन्द्र के फ्रूट साइंटिस्ट डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि लीची के फटने की समस्या है। सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं जैसे ब्रोन की कमी। नमी कम होने की वजह से धूप का असर पड़ता।इस वजह से फलों की फटने की समस्या होती है। इसका साधारण उपाय है कि फल लगने के 15 से 20 दिन के बाद ब्रॉन और बोरेक्स 0.4 प्रतिशत प्रति लीटर पानी छिड़काव करे। इसके साथ टीसू बैग जिससे फलों के गुच्छे को ढक दिया जाता है। जिससे धूप की किरणें फलों तक नहीं पहुंचती। इस तरह फलों को बचाया जा सकता।



### पवन सिंह का भाजपा से मोह जाएगा तो करेंगे मदद

**हाजीपुर।** हाजीपुर पहुंचे पप्पू यादव ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को लेकर कहा कि अगर भाजपा से उनका मोह भंग हो जाता है तो उनका पूरा सपोर्ट रहेगा। वहीं आगे कहा कि पवन सिंह छोटे भाई की तरह है।आज जब वह भाजपा को आंख दिखाकर निर्दलीय खड़ा हो गया है तो भाजपा उसे गाली दे रही है। मनोज तिवारी, दिनेश लाल और रवि किशन सभी भाजपा के साथ है। इस समय भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा सिर्फ गांधी परिवार को गाली देने का काम करती है। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जबरन जेल में बंद कर दिया। जातिगत जनगणना के सवाल पर कहा कि नीतीश कुमार अब उनके साथ बैठ गए है। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने को लेकर कहा कि उनके लिए हर जगह प्रचार कर रहे है। इस बार वह रायबरेली से चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने अपनी मां के विरासत को संभाला है। इसके अलावा पप्पू यादव ने कहा कि पूर्णिया में हमारे खिलाफ दर्जनों विधायक को लगाया गया। वहां की जनता का पूरा सपोर्ट मिला है अब देखिए 4 जून को क्या रिजल्ट आता है। मौके पर रघुपति सिंह, पिंटू सिंह रोहित सिंह उर्फ गोलू, अमित सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



### हत्या मामले में युवक रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार, चाची को पीट-पीटकर मार डाला था

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में युवक ने चाची की बेरहमी से पिटाई की थी। जिसके बाद महिला की इलाज दौरान मौत गई थी। आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। इस मामले में महिला के पति ने थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक राहुल कुमार को 48 घंटे भीतर गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना के इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना के बाद आरोपी युवक राहुल कुमार रेलवे स्टेशन से ट्रेन से भागने के फिराक में था। जिसकी गुप्त सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद आरपीएफ के सहयोग से फरार आरोपी राहुल कुमार गिरफ्तार किया गया है। जिससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिले के सदर थाना क्षेत्र के हसन चक बंगरा गांव में गुरुवार की देर रात एक युवक ने अपने ही चाची की जमकर पिटाई की थी। महिला बुरी तरह जख्मी हो गई थी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सदर थाना क्षेत्र के हसन चक बंगरा गांव निवासी राम शरण महतो की पत्नी मीना देवी के रूप में हुई। मृतक महिला घर पर अकेली रहती थी। महिला का पति और बेटा पुणे में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। सदर थाना की पुलिस देर रात घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की थी। महिला के पति ने अपने भतीजे पर हत्या का आरोप लगाते हुए सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।



### मनेर में घर से 40 कार्टून शराब बरामद, तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पिता-पुत्र दोनों आरोपी

**पटना।** पटना में मनेर पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब को जब्त किया है। साथ ही एक शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। मनेर पुलिस को सूचना मिली थी कि ब्यापुर में राहुल कुमार एवं उसके पिता हरिनंदन राय के द्वारा अवैध शराब का करोबार किया जा रहा है। इनके द्वारा भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब घर में छुपा कर रखा है। गुप्ता सूचना के अधार पर वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए थानाध्यक्ष सुनील कुमार भगत के नेतृत्व में छापेमारी की गई। घर के बाहर और अंदर कई जगहों पर शराब पड़ी हुई दिखी। पुलिस ने वहां से 40 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने राहुल के पिता हरिनंदन राय को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मनेर थानाध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया की लोकसभा चुनाव को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। सूचना मिली थी कि शराब माफियाओं की ओर से ब्यापुर में शराब एकत्रित किया जा रहा है। इसी सूचना के तहत छापेमारी की गई थी। वहां से 40 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। साथ ही एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। आगे शराब माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### नीट में दूसरे की जगह परीक्षा दे रही छात्रा गिरफ्तार, पटना में एडमिट कार्ड में की थी छेड़छाड़

**पटना।** पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में नीट की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा दे रही एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। माउंट लिट्रा स्कूल से जांच के दौरान छात्रा को गिरफ्तार किया गया है।छात्रा की पहचान पटना सिटी निवासी जियाउल रहमान की बेटी सोफिया के रूप में हुई है। सोफिया, अमरावती महाराष्ट्र की रहने वाली जेहरा कुरतुलने की जगह परीक्षा देने आई थी। पर्यवेक्षक और स्कूल के प्रिंसिपल ने जांच के दौरान एडमिट कार्ड में छेड़छाड़ को लेकर छात्रा को पकड़ा। इसके बाद छात्रा का आधार कार्ड और बायोमेट्रिक की मिलान की गई तो, मैच नहीं हो पाया। इसके बाद छात्रा को दानापुर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रिंसिपल चार्ल्स एंथोनी सामी ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन दिया। वहीं नीट एग्जाम में धांधली के मामले में दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को जांच एजेंसी अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल से नीट की परीक्षा में दूसरे के बदले एग्जाम देने पहुंची एक छात्रा को गिरफ्तार किया गया है। छात्रा ने बताया कि वह अपनी सहेली के बदले परीक्षा देने आई थी। इसमें संलिप्त अन्य लोगों की जांच की जा रही है। फिलहाल छात्रा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



**सभी विश्वविद्यालय के वीसी की आज 2 मीटिंग**

# शिक्षा विभाग की बैठक में सभी कुलपति शामिल

एजेंसी, पटना।

बिहार में राजभवन और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बीच तकरार की स्थिति बनी हुई है। शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच तकरार के बीच आज दो अहम बैठक है। एक तरफ राज्यपाल ने फिर से आज बैठक बुलाई है। वहीं, पटना हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने सभी वीसी की बैठक बुलाई है।



**शिक्षा विभाग की बैठकः** पटना हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने बैठक बुलाई है। राजभवन और सरकार के बीच टकराहट को दूर करने के लिए यह बैठक है। होटल मौर्य में यह बैठक चल रही है। इसमें शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी और सभी कुलपति मौजूद हैं। बैठक की वीडियोग्राफी भी हो रही है।

**राजभवन में वीसी की दूसरी बैठकः** अब एक बार फिर राजभवन ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक को भी निमंत्रण भेजा गया है।

**कुलाधिपति ने बैठक बुलाई हैः** राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश एक बार फिर बैठक बुलाई गई। इस बैठक में वर्तमान समय में स्नातक और स्नात्कोत्तर में विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति कि जानकारी ली जाएगी। साथ ही इन दोनों परीक्षा की देरी पर समीक्षा की जाएगी। राजभवन में यह बैठक बुलाई गई है। बैठक दोपहर बाद करीब चार बजे होगी।

**बैठक के लिए पत्रः** राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चांग्थू ने बैठक को लेकर सभी कुलपतियों को पिछले सप्ताह के गुरुवार को पत्र भेजा था। पत्र में कुलपतियों को कहा गया था कि तय एजेंडा ब्योरा बैठक से तीन दिन पहले 3 मई तक राजभवन को भेजें।

**15 अप्रैल को थी बैठकः** दरअसल, राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच

**राज्यपाल की मौजूदगी में होगी दूसरी बैठक**

विश्वविद्यालयों के मुद्दे पर लंबे समय से टकराव चल रहा है। आईएएस केके पाठक ने फरवरी और मार्च महीने में कई बार विश्विद्यालय के वाइस चांसलर समेत अन्य पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। शिक्षा विभाग की इस बैठक से सभी वीसी दूरी बनाए रखी।इसके पीछे राज्यपाल थे। उन्होंने शिक्षा विभाग की बैठक में जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद आईएएस केके पाठक ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते सभी कुलपतियों के वेतन और विश्वविद्यालयों के खाते पर रोक लगा दी थी। बैंक खाते को फ्रीज किए जाने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने केके पाठक को 15 अप्रैल 2023 को तलब करते हुए अपने ऑफिस में बुलाया था लेकिन वो नहीं पहुंचे। इससे पहले भी राजभवन की ओर दो बार कुलपतियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें पाठक को भी बुलाया गया था, लेकिन उस वक्त में वो नहीं गए थे।

# पटना में प्रेमिका के लिए पत्नी-बेटी पर चाकू से हमला

एजेंसी, पटना।



पटना में प्रेमिका के प्यार में पागल एक पति ने पत्नी और नाबालिग बेटी को चाकू से गोद डाला। पुलिस ने मां-बेटी को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना मेहंदीगंज थाना के मंसाराम अखाड़ा की है। मेहंदीगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पटना के कोरिया टोला निवासी संजय कुमार पंडित (40) सचिवालय में डाटा ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। इनकी शादी वर्ष 2005 में पटना सिटी के मंसाराम अखाड़ा निवासी रंजू कुमारी(35) से हुई थी। शादी के बाद संजय कुमार पंडित की दो बेटियों में सृष्टि रानी 17 वर्ष और लाडो कुमारी 12 वर्ष की है।

**मायके चली जाती है पत्नीः** इस बीच संजय कुमार पंडित की जिंदगी में एक लड़की की एंट्री होती है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का पत्नी रंजू कुमारी विरोध करती हैं। इस बीच संजय कुमार पंडित चश्में का व्यापार शुरू करते हैं। चश्मा दुकान पर प्रेमिका का आना-जाना शुरू हो जाता है। पत्नी को इसकी भनक लगती है। वह कई बार दुकान पर पति का विरोध करती है। इसके बाद अक्सर रंजू कुमारी की पिटाई की जाती है। फिर रंजू कुमारी बेटियों के साथ ससुराल छोड़कर मायके में

**अवैध संबंध का विरोध करती थी, 19 साल पहले हुई थी शादी**

रहना शुरू कर देती है। न्यायालय पहुंचता है। मामला बढ़ने पर पहले सिविल कोर्ट, फिर हाईकोर्ट पहुंचता है।

**पत्नी को घर लेकर आया थाः** संजय कुमार गलतियों को स्वीकार कर लेता है। 2 मई 2024 को पत्नी के साथ बेटियों को भी घर ले आता है। इस बीच रविवार की देर रात संजय कुमार हत्या की नीयत से पत्नी रंजू कुमारी और नाबालिग बेटी लाडो कुमारी पर चाकू से वार कर देता है। परिजनों ने इसकी जानकारी मेहंदी गंज थाने को दी। डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंचती है। फिर घायल अवस्था में मां बेटी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराती है।

# सीमेंट व्यापारी को गोलियों से भूना

**दुकान में घुसकर की हत्या, हथियार लहराते हुए फरार**

एजेंसी, पटना।

पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के श्रीपतपुर में अपराधियों ने सोमवार दोपहर को सीमेंट व्यापारी आलोक कुमार (30) के दुकान में घुसकर गोलियों से भून डाला। आनन-फानन में पुलिस ने घायल व्यापारी को इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

**हथियार लहराते फरार हुए आरोपीः** पटना सदर SDPO सत्यकाम ने बताया कि मृतक की पहचान पटना के मराची निवासी आलोक कुमार के रूप में हुई है,



जो अपने बहनोई के साथ सीमेंट और लोहे का व्यापार किया करते थे। सोमवार को नाश्ता करने के बाद वो दुकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक से आए दो अपराधियों ने फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। वहीं 24 घंटे के अंदर इलाके में यह हत्या की दूसरी घटना है।

# दूसरे के बदले NEET एग्जाम देते पकड़े गए 11 लोग

**पटना-पूर्णिया से 7 गिरफ्तार, राहुल बोले- मोदी सरकार सभी के लिए अभिशाप**

एजेंसी, पटना।

बिहार के साथ पूरे देश में रविवार को NEET की परीक्षा ली गई। इसमें पूरे देश से करीब 24 लाख से ज्यादा कैंडिडेट शामिल हुए। बिहार में NEET की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 11 लोग गिरफ्तार हुए हैं। ये दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे थे। पटना पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल स्टूडेंट हैं। वहीं पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल स्टूडेंट हैं। इसको साथ ही गोपालगंज पुलिस ने भी एक छात्र को गिरफ्तार किया है। पूर्णिया से पकड़े गए डमी कैंडिडेट राजस्थान के जालौर, भोजपुर, बेगूसराय और सीतामढ़ी के हैं। सभी परीक्षार्थी को शहर के मधुबनी टीओपी थाना के एसआरडीएसी स्कूल के एग्जाम सेंटर से पकड़ा गया है। वहीं, गोपालगंज से पकड़ा गया छात्र राजस्थान का रहने वाला है। उसकी पहचान बाड़मेर जिले के



कुडला गांव निवासी प्रह्लाद राम के बेटे सतीश कुमार के रूप में की गई है। इस मामले को लेकर राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने मोदी सरकार को घेरा है। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार सभी के लिए अभिशाप बन चुकी है।

**पूर्णिया में 20 लाख में हुई थी डीलः** पूर्णिया में रविवार को नीट की परीक्षा के दौरान परीक्षा का पेपर लिखते 4 मुन्ना भाई पकड़े गए थे। ये डमी कैंडिडेट दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। डील 20 लाख में तय हुई थी। पेपर पूरी होने के बाद प्रति कैंडिडेट 5 लाख मिलने थे। पकड़े गए परीक्षार्थी से पूछताछ जारी है।

**पूर्णिया से पकड़े गए चारों इन लोगों की जगह से रहे थे एग्जामः** पकड़े गए पहले डमी कैंडिडेट्स की पहचान राजस्थान के जालौर जिले के सांचौर थाने के खाका राम गांव निवासी कमलेश कुमार के रूप में हुई है। कमलेश अभ्यर्थी धीरज प्रकाश की जगह पेपर लिख रहा था। वहीं दूसरे की पहचान भोजपुर जिले के बिहियां गांव के वार्ड 2 निवासी धर्मपाल सिंह के बेटे नीतीश कुमार के रूप में हुई है। नीतीश अभ्यर्थी आशीष की जगह एग्जाम दे रहा था। वहीं तीसरे की पहचान बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना के रामदेरी गांव टोला नकती वार्ड 6 निवासी विजय गुप्ता के बेटे सौरभ कुमार के रूप में हुई है। सौरभ अभ्यर्थी तथागत कुमार की जगह पेपर दे रहा था। वहीं चौथे की पहचान सीतामढ़ी जिले के चौरोथ थाना के बड़ी बिहटा गांव के वार्ड 4 निवासी नील रंजन चौधरी के बेटे मयंक चौधरी उर्फ कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। मयंक दीपक कुमार की जगह परीक्षा दे रहा था। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

**हरकतें देखकर शक हुआ तो पकड़े गएः** एसआरडीएसी स्कूल को नीट की परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। नीट की परीक्षा ठीक 2 बजे शुरू हो गई थी। सेकेंड शिफ्ट में फर्जी कैंडिडेट को पकड़ा गया। परीक्षा शुरू होने के लगभग दो घंटे बाद पर्यवेक्षक को इनकी हरकतों को देखकर पर शक हुआ।

**पटना पुलिस भी 6 को कर चुकी है गिरफ्तारः** पटना पुलिस को झारखंड एसटीएफ से इनपुट के आधार पर पटना में ईओयू और पटना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने 6 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। पटना पुलिस ने नीट की परीक्षा में दूसरे के बदले परीक्षा दे रही छात्रा को गिरफ्तार किया है।

# गिरिराज बोले- सुदर्शन चक्र लेकर खड़े हैं मोदी, पाकिस्तान का नाश हो जाएगा, वोट के लिए देश पर आक्रमण हो रहे

एजेंसी, पटना।

बेगूसराय में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज कहा कि नरेन्द्र मोदी सुदर्शन चक्र लेकर खड़े हैं, अगर थोड़ा सा आंख दिखाएंगे तो पाकिस्तान का नाश हो जाएगा। फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पाकिस्तान ने चूड़ी नहीं पहन रखी है। इसी बयान पर गिरिराज ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में वोट के खातिर भारत पर आक्रमण कर रहे हैं। चाहे फारुख अब्दुल्ला हों, लालू यादव हों, कम्युनिस्ट हों या कांग्रेस, वह पिछड़ों का आरक्षण छीन रहे हैं। मुसलमान को कांग्रेस पिछले दरवाजे से आरक्षण दे देता है, ओबीसी बना देता है। पीएम मोदी एक महीने में छठी बार बिहार आ रहे हैं। इस बार उनका दौरा दो दिनों का होगा। 12 मई को उनका पटना में रोड शो होगा। रात में वो पटना में ही रूकेंगे। साथ ही राजधानी में पीएम मोदी का रोड शो होगा। पटना के बेली रोड अंबेडकर प्रतिमा से रोड शो शुरू होगा। यहां से कदम कुआं, ठाकुरवाड़ी, वाकरगंज



होते हुए गांधी मैदान स्थित जेपी गोलंबर तक होगा। इसको लेकर बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी है। 12 मई को पटना में कार्यक्रम होने के बाद 13 मई को हाजीपुर , मुजफ्फरपुर , छपरा में जनसभा को पीएम संबोधित करेंगे। रोड शो समाप्त होने के बाद पीएम मोदी पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन यानी 13 मई को प्रधानमंत्री राज्य के तीन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी सुबह 09:30 बजे हाजीपुर, 10:30 बजे वैशाली के मोतीपुर और 12:30 बजे सारण में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान लालू-तेजस्वी और राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता प्रधानमंत्री के निशाने पर रहेंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने लालू और शिबू सोरेन परिवार पर निशाना साधा है। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि ये सभी लोग लूटने वाले लोग हैं। चाहे वो लालू यादव हो या शिबू सोरेन का परिवार हो...लूटने वाले पर सरकार कार्रवाई करती है तो दर्द होगा ही। बता दें कि झारखंड में ईडी ने रेड की है। रांची में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा कैश मिले हैं।

**क्या बोले संजय झाः** जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि हम लोग एक सप्ताह से तीसरे फेज में ही थे। तीसरे फेज में हम लोग 2019 से ज्यादा वोटों से जीतेंगे। एक तरफा होगा 2024। उन्होंने कहा कि एनडीए की ही सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता मालिक होती है। नीतीश कुमार बिहार के लोगों के दिल में बसते हैं।

# पटना में आपस में भिड़े HDFC के कर्मी

एजेंसी, पटना।

गांधी मैदान थाना क्षेत्र के फ्रेजर रोड स्थिति HDFC बैंक के कर्मियों के बीच लड़ाई का मामला सामने आया है। पटना महेंद्रू के रहने वाले विनीत कुमार नाम के कर्मी ने अपने सहकर्मी अभिषेक वरुण पर मारपीट, गाली गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। विनीत कुमार फ्रेजर रोड स्थिति उमा कॉम्प्लेक्स में चल रहे एचडीएफसी की शाखा में HDFC ERGO में काम करते हैं।

**पिता के इलाज के लिए ली थी छुट्टीः** विनीत का आरोप है कि उन्होंने पिता के इलाज के लिए छुट्टी ली थी। छुट्टी से होकर आज जब दफ्तर लौटे तो उनके साथ HDFC के ही उनके सहकर्मी ने मारपीट की। जान से मारने और बाइक छीनने की धमकी दी। विनीत का कहना है कि उन्होंने अपने पिता की मेडिकल रिपोर्ट भी सबमिट की थी। विनीत ने बताया कि आज जैसे वो दफ्तर पहुंचे उनके साथ सहकर्मी ने मिसविहेब करना शुरू कर दिया.... वो कहने लगें तुम्हें कंपनी का फ्री में पैसा खाने की आदत हो गई है। इसीलिए तुम छुट्टी झूठ बोलकर ले लिया। जबकि मेरे पिता बीमार चल रहे थे। इसी वजह से मैंने छुट्टी ली थी। मेरे पिता के पेट में तेज गैस बन रहा था और भी मेडिकल परेशानी हो रही थी। सबकुछ बताने के बाद भी मेरे साथ गलत किया गया है। वहीं, गांधी मैदान थाने की पुलिस आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है।

**पटना में नामांकन को लेकर ट्रैफिक नियमों में बदलाव**

# जेपी. गोलंबर से छज्जुबाग मार्ग वन-वे रहेगा

एजेंसी, पटना।

पाटलिपुत्र और पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में सातवें चरण में 1 जून को वोटिंग होगी। नामांकन की प्रक्रिया 7 से 14 मई तक चलेगी। इसके लिए समाहरणालय पटना और हिन्दी भवन, छज्जुबाग में व्यवस्था की गई है। नामांकन को लेकर ट्रैफिक में कुछ बदलाव किया गया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रूट चार्ट जारी किया गया है। इस दौरान इमरजेंसी सेवा जैसे अग्निशमन, एम्बुलेंस, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन के वाहनों और अनुमति



**♦ रूट चार्ट जारी...7 से 14 मई तक जारी रहेगी यही व्यवस्था**

प्राप्त वाहनों को छूट रहेगी। 7 मई से प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से लेकर नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति होने तक यह व्यवस्था बनी रहेगी।

# 50 साल बाद भारतीय वॉलीबॉल टीम में बिहार की खिलाड़ी

**औरंगाबाद की खुशी का U-20 महिला टीम में चयन, कहा- लोग कहते थे लड़की हाथ से निकल गई**

एजेंसी, पटना।

बिहार की खुशी कुमारी का चयन U-20 भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम में हुआ है। वह पिछले 50 वर्षों में U-20 भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम में शामिल होने वाली बिहार की पहली महिला खिलाड़ी हैं। इस बात की जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण ने दी। 19 वर्षीय खुशी औरंगाबाद की रहने वाली है। उनकी हाइट 6 फीट है। उन्हें वॉलीबॉल खेलने का शौक कॉलेज से आया। उनकी हाइट के कारण कॉलेज के कुछ सीनियर लड़कों ने उन्हें वॉलीबॉल ट्राई करने को कहा और फिर उनकी दिलचस्पी इसमें जागने लगी। वह अपने गांव के लड़कों के साथ अकेले खेलने वाली एकमात्र लड़की थी। वहां पर ना ही उनकी कोई टीम थी और ना ही उन्हें ट्रेनिंग देने वाला कोई कोच था।



**2016 में पिता का हो चुका है देहांतः** खुशी खुद ही प्रैक्टिस करती थी। वह रोज सुबह 4 बजे प्रैक्टिस के लिए जाती थी और रात 8 बजे आती थी। इस बात को लेकर आस-पड़ोस के लोग उनकी मां को ताना मारते थे। सब कहते थे कि लड़की हाथ से निकल गई है। इतनी देर तक लड़कों के बीच रहती है। खुशी के पिता का देहांत 2016 में ही हो गया था, इस कारण खुशी को लेकर लोग कई बातें बनाते थे। यहां तक कि उनकी हाइट को लेकर यह कहते थे कि जल्द ही शादी कर दो, नहीं तो लड़का नहीं मिलेगा।

**पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में मिली ट्रेनिंगः** एक बार ट्रायल के दौरान खुशी गया गई। वहां उनकी मुलाकात अमन से हुई और फिर उन्होंने अपनी प्रैक्टिस को लेकर परेशानियां बताई। इसके बाद पटना बुलाया गया और पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सब इंस्पेक्टर संजय सिंह और कांस्टेबल अमन कुमार और ममता के अधीन प्रशिक्षण दिया गया। उनके आगे का सपना भारत को बार-बार मैच में रिप्रेजेंट करना है।

# भाजपा नेता ने दलितों को लुभाने मझौलिया में किया जनसंपर्क

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

मझौलिया में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। सभी पार्टियां चुनाव प्रचार करने में लगी हुई है। इसी कड़ी में सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बथनाहा विधानसभा के विधायक अनिल राम ने मझौलिया एवं बखरिया पंचायत के दलित बस्तियों में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने बेतिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल के पक्ष में आगामी 25 मई को मतदाता करने की अपील की। उन्होंने कहा की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में विकास के नए आयाम गढ़े हैं। मौके पर भाजपा नेता सुशील कुमार जायसवाल और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह मझौलिया



पंचायत के मुखिया सत्य प्रकाश ने आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। जो कार्यकर्ता आज सामने बैठे हैं वही कल मंच पर बैठेंगे। यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। किसी अन्य दल में नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है, सबसे ज्यादा विकास गरीबों का हो रहा है। गरीब सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति के हैं। इसलिए तमाम ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे उनको लाभ हो सके। मुखिया सत्य प्रकाश ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन योजना के माध्यम से कोरोना काल जैसे संकट में गरीबों के खातों में पैसा दिया। गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे है, जिससे कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रह सके। भाजपा के शासन काल में हर वर्ग को सम्मान मिल रहा है। कई विकास कार्य को गिनाते हुए कहा कि दलित समाज के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अनेकों विकास कार्य किया है। मौके पर मुखिया प्रत्तिनिधि एक बाली राम अभिषेक भारती, हरिशंकर शर्मा, कृष्णा पासवान, , कृष्ण मुरारी राम, कमल मुखिया, शंभू भारती, नंदकिशोर पासवान, सतन पटेल, अनिल शर्मा, योगेंद्र मुखिया, बृजेश पांडे, विशाल कुमार, अभय कुमार, संदीप प्रसाद, ब शिवनाथ राम, रामयोध्या राम, प्रभात कुमार, राहुल कुमार, छठू राम आदि शामिल रहे1

## पुलिस ने गन्ना के खेत से अँग्रेजी शराब बरामद की मामले में दो पर मामला दर्ज



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

लौरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गन्ना के खेत से करीब 81 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करने में सफलता पाई है जबकि शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस कारोबार में संलिप्त दो व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नगर पंचायत के नूनियाटोला के वार्ड नं 2 में स्थित सरेह में एक गन्ना के खेत में शराब को छुपाकर रखा गया है सूचना के बाद दरोगा चंद्रशेखर कुमार द्वारा पुलिस दल के साथ छापेमारी की गई जहां से मौके पर खेत में छुपाकर रखे गए शराब को जप्त कर पुलिस थाना लेकर पहुंची। इस बाबत इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि जप्त शराब में किंग फिशर का 44 पीस, रॉयल स्टेज का 66 पीस, 8 पीएम का 193 पीस शराब बरामद हुआ है। पुलिस शराब कारोबारियों के धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर एसएसबी ने निकाली जागरूकता रैली

चाण्क्यभूमि मैनाटाड


मेरा लाइफ और पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत इनरवा एसएसबी के अधिकारियों व जवानों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली। पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली सीमावर्ती गांव इनरवा, खमिहा आदि का भ्रमण किया। जागरूकता रैली में शामिल सहायक कमांडेंट भूषण चंद्र रॉय ने लोगों को जागरूक करते हुये कहा कि वर्तमान समय के बदलते परिदृश्य में मानवीय जरूरतों के अनुरूप जिस प्रकार वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है, जिससे ना सिर्फ प्राकृतिक पर्यावरण विनाश की ओर अग्रसर है। बल्कि मानवीय जीवन के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे। ऐसे में हम सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करना



चाहिए ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि वातावरण में ऑक्सीजन कि मात्रा धीरे धीरे कम होती जा रही है और हमारी संख्या ज्यादा 1 इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। ताकि पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। प्रत्येक जवान को अपने और अपने परिवार वालो के जन्मदिवस पर एक-एक पेड़ अवश्य लगानी चाहिए एवं उनके नाम अपने परिवार के सदस्यों पर रखे तथा उनकी देखभाल परिवार के सदस्यों के तरह ही करे। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व व परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वृक्षों को लगाना जितना मानवीय जीवन के लिए जरूरी है, उतना ही उसकी उचित देखभाल और पालन-पोषण भी हम सभी के लिए नितांत आवश्यक है। जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चे का पालन पोषण कर उसके युवा होने में अपनी पूरी सामर्थ्य क्षमता का योगदान देते है, उसी प्रकार वृक्षों की उचित देखभाल करते हुए उसके विकसित होने में भी अपनी उर्जा का भरपूर उपयोग करना होगा, तभी हमारे आसपास प्रकृति की अनमोल धरोहर अपने पुराने अतीत की और लौट पायेगी। जागरूकता रैली के माध्यम से एसएसबी ने लोगों से हरेक तरीके से पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। मौके पर एसएसबी के अलावे सीमावर्ती क्षेत्र के लोग मौजूद रहें।

## सुशासन राज में अपराधी बेखौफ बस रोककर घटना को दिया अंजाम

चाणक्य भूमि



बिहार मे बेखौफ अपराधियों ने दिन दहाड़े बड़ी घटना को अंजाम देकर सरकार के सुशासन की पोल खोल कर रख दी और लालू के जंगलराज की तस्वीरे याद दिला दी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा चौक की है जहाँ बेखौफ अपराधियों ने मोतिहारी से बेतिया आ रहे रहे व्यवसायी को बस रुकवा कर रोक लिया। इस दौरान अपराधियों ने कई राउन्ड गोलियां भी चलायी। गोलियों की थरथराहट से लोगों में भय का माहौल कायम हो गया इतना ही नहीं बेखौफ अपराधियों ने एक बाइक सवार युवक को तीन गोली मार घायल कर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। हमेशा की तरह पुलिस मौके पर पहुंच जाँच में जुट गई है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है। फिलहाल पीड़ित व्यवसायी दहशत में है। पीड़ित व्यवसायी की पहचान पटना के मोहन तिवारी के रूप मे हुई है। जो हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े है और मोतिहारी से तकादा करने के बाद बेतिया आ रहे थे। अपराधियों ने उनसे 2 लाख 77 रुपये लूट लिये है। पुलिस के अनुसार व्यवसायी से लूट हुई है। अपराधियों की गोली एक बाइक सवार घायल हुआ है। घायल का बेतिया जीएमसीएच में इलाज चल रहा है और वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है, जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महागठबंधन समर्थित VIP पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार ने पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से किया नामांकन दाखिल

चाणक्य भूमि मोतिहारी

- **नामांकन समारोह के दौरान मुकेश साहनी व तेजस्वी यादव ने जनसभा को किया सम्बोधित**
- **भीषण गर्मी में भी दिखा लोगों में जोश, युवाओं ने कहा बदलाव होकर रहेगा**

महागठबंधन समर्थित VIP पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार ने पूर्वी चंपारण 03 लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया, नामांकन समारोह के दौरान मुकेश साहनी व तेजस्वी यादव ने जनसभा को किया सम्बोधित किया।इस दौरान महागठबंधन घटक दल के प्रमुख नेता नामांकन समारोह के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर भीषण गर्मी में भी लोगों में जोश दिखा,युवाओं ने कहा बदलाव होकर रहेगा। स्थानीय रिपोर्टर ने बताया की नामांकन के लिए डॉक्टर कुमार अपने निवास स्थान केसरिया से चले जिनके साथ सैकड़ो गाड़ी का काफिला था, काफिला खजुरिया, कोटवा, पिपरा कोठी होते हुए मोतिहारी गांधी मैदान पहुंची, लोग जगह-जगह अपने प्रत्याशी को फूल माला तथा गाजे बाजे के साथ स्वागत कर रहे थे, गाँधी मैदान में नामांकन सभा को तेजस्वी प्रसाद यादव संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन बिहार में 40 सीटों पर अपनी जीत दर्ज करेगी।उन्होंने कहा की मोतिहारी की जनता डॉक्टर राजेश कुमार को अपना आशीर्वाद दे चुकी है, भारी मतों से डॉक्टर राजेश जीत रहे हैं, मोतिहारी और पूरे बिहार से इस बार भाजपा का सफाया हो जाएगा,

**वही VIP पार्टी के सुप्रीमो-** मुकेश साहनी जी ने सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जोरदार हमला बोला, भाजपा के स्थानीय सांसद अपने 25 सालों से अधिक कार्यकाल में मोतिहारी के विकास के लिए कुछ नहीं किया, कृषि मंत्री रहते हुए स्थानीय सांसद मोतिहारी के बंद पड़े चीनी मिल चालू नहीं कर पाए, किसान अपने बकाया राशि पाने के लिए आत्महत्या कर लिया लेकिन उनका बकाया राशि चीनी मिल का नहीं मिल पाया, ऐसे निकम्मे संसद को जनता इस बार सबक सिखाने का काम कर रही है और मोतिहारी के विकास के लिए जनता इस बार डॉक्टर राजेश कुमार को अपना आशीर्वाद दे रही है,मुकेश सहनी ने कहा कि स्थानीय सांसद राधा मोहन सिंह मोतिहारी के भोली-भाली जनता को सिर्फ ठगने का काम किया, उनके शासन काल में मोतिहारी के आयुर्वेद कॉलेज बंद हो गए, चीनी मिल चालू नहीं हुआ, मोतीझील का सौंदर्जीकरण नहीं नहीं हो पाया, उल्टा अपने कोष के राशि का दुरुपयोग किया, वहीं सभा को संबोधित करते हुए VIP पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार ने कहा कि जनता इस बार आशीर्वाद हमें दे चुकी है, स्थानीय सांसद से जनता त्राहिमाम हो चुकी है,महागठबंधन के शीर्ष नेता तथा अपने पार्टी के सुप्रीमो मुकेश साहनी का विशेष धन्यवाद किया की हमें मोतिहारी से उम्मीदवार बनाएं,मोतिहारी के महान जनता से हम 25 साल के बदले 5 साल मांग रहे हैं, हमें जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है 25 साल के जड़े हुए जंजीर को मैं तोडूंगा और जनता के विश्वास पर खरा उतरूंगा, इस दौरान शिवहर से राजद उम्मीदवार रितु जायसवाल भी अपना नामांकन दाखिल किया तथा सभा को संबोधित करते हुए शिवहर को खुशहाल बनाने के लिए जनता से अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील की तथा जदयू के उम्मीदवार पर जोरदार हमला करते हुए रितु जायसवाल ने कहा की बाहरी से शिवहर का विकास संभव नहीं शिवहर की बेटी ही शिवहर का विकास करेगी... सभा को संबोधित महागठबंधन के सभी जिला अध्यक्षों, नेताओं ने किया, प्रमुख वक्ताओं में RJD जिला अध्यक्ष कल्याणपुर विधायक मनोज यादव जी, VIP पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक साहनी जी, नरकटिया विधायक डॉक्टर शमीम अहमद, ढाका के पूर्व विधायक फैसल रहमान साहब जी, हरसिद्धि के पूर्व विधायक राजेंद्र राम,नगर निगम मोतिहारी के मेयर श्रीमती प्रीति कुमारी, नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षगप्पू राय, VIP पार्टी के महिला नेत्री निर्मला साहनी, VIP पार्टी के युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी,पूर्व प्रत्याशी मोतिहारी के ओमप्रकाश साहनी, राजद नेता सुरेश साहनी, ई मनोज गुप्ता, ह्रदय गुप्ता, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रोशन उर्फ पप्पू साहनी,राजद् नेता अरुण कुशवाहा, संजय निराला, सी.पी. एम, तथा आप पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं ने सभा को संबोधित किया

## भूमि विवाद में मारपीट नौ घायल पांच की स्थिति गंभीर

चाण्क्यभूमि मैनाटांड़

इनरवा थाना क्षेत्र के झझरी टोला गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गये। रविवार की देर शाम हुए मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से नौ लोग घायल हो गये।जिसमें पांच लोगों की स्थिति गंभीर है।मिली जानकारी के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक पक्ष के विकास राम, विजय राम, अंतिमा कुमारी और अभिनंदा देवी शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष के अदया राम, अमित कुमार, उर्मिला देवी, सोनी कुमारी और हीरालाल राम शामिल है। गंभीर रूप से घायल दूसरे पक्ष के सभी पांचो लोगों को बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया गया। वहीं इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# जागरूकता के कारण जिले का प्रजनन दर घटकर 3.01 पहुँचा

चाणक्य भूमि बेतिया

- **आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूक करने पर बढ़ती जनसंख्या पर लगा विराम**
- **स्थायी व अस्थाई परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग कर रहें है जन समुदाय**

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समय-समय पर लोगों को जागरूक करते हुए परिवार नियोजन अपनाने के साथ ही स्थायी व अस्थाई परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इस संबंध में जिले के आशा समन्वयक राजेश कुमार ने बताया कि विगत कई वर्षों से पश्चिम चंपारण जिले के सभी 18 प्रखंडो के साथ ही समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप परिवार नियोजन के सूचकांक में अच्छी प्रगति हुई है, पश्चिम चंपारण जिले में कुल प्रजनन दर 4.0 से घटकर (एनएफएचएस) 3.01 हो गया है जो 0 .9 प्रतिशत का सुधार हुआ है, बिहार के 38 जिलों में अच्छा सुधार हुआ है। जिले में अनमिट नीड 22.3 से घटकर 12.1 तक हुआ है यह भी यह भी



बहुत अच्छा संकेत है, आशाओं के से सहयोग एवं जागरूकता से परिवार नियोजन साधनों की समुदाय स्तर मांग मांग बड़ी है।उन्होंने बताया की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 48 पुरुषों की नसबन्दी की गईं।वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 11 हजार 500 से ज्यादा बंधयाकरण किया गया।इस कार्यक्रम में पीएसआई इंडिया, पिरामल स्वास्थ्य व अन्य सहयोगी संस्थाओ का भी सहयोग मिलता है। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश चंद्रा ने बताया की लोगों को परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी हेतु दंपती संपर्क सप्ताह, परिवार नियोजन मेला, परिवार नियोजन एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। साथ ही माइकिंग करते हुए सारथी रथ रवाना किया जाता है, ताकि बढ़ती जनसंख्या पर रोक लग सके। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जीविका दीदी व स्वास्थ्यकर्मियों के सहयोग से सरकारी अस्पतालों में महिला बंध्याकरण, व पुरुष नसबन्दी कराई जाती है। उन्होंने कहा की स्थायी व अस्थाई परिवार नियोजन के साधनों का जन समुदाय में उपयोग बढ़ा है जो सराहनीय है। इससे आने वाले दिनों में जनसंख्या वृद्धि पर रोक सम्भव है।

**सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर मिलती है आर्थिक सहायता** : सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क सुरक्षित प्रसव कराया जाता है।इसके साथ ही आर्थिक सहायता भी दी जाती है। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए की प्रोत्साहन की राशि लाभार्थियों के खाते में भेजी जाती है।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा। सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714